## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 03.07.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का किया गया निरीक्षण। संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देशित।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा आज दिनांक 03.07.2025 पुलिस कार्यालय, बांदा की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शाखाओं  जन शिकायत प्रकोष्ठ, प्रधान लिपिक शाखा, रिट शाखा, जांच शाखा, आंकिक शाखा आदि के अभिलेखों, कार्य प्रणाली, साफ-सफाई एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की गहनता से समीक्षा की गई। सभी शाखा प्रभारियों को कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं कार्यालय के कार्यों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी जाना तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बन्धित आदेशित भी किया गया। कार्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष बल दिया तथा सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की, कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे जनसामान्य को बेहतर सेवा उपलब्ध कराई जा सके।